# बिहार विधान परिषद

(201वां मानसून सत्र)

## 27 जून 2022

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 35**

----

### सडक का निर्माण

***1 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले के शिवहर प्रखंड के सुगिया बजरंग चौक से शाहपुर चौक की लगभग तीन किलोमीटर की सड़क वर्षों से जर्जर है जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क में लगभग एक किलोमीटर में सड़क निर्माण संवेदक द्वारा शुरू किया गया जिसमें बालू एवं ईंट डालकर छोड़ दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### सडक की मरम्मती

***2 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा मधुबनी मुख्य सड़क पर सकरी चौक के निकट

लगभग 200 मीटर सड़क लम्बे समय से क्षतिग्रस्त है;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क के उपर्युक्त अंश के क्षतिग्रस्त होने की वजह से मधुबनी जाने-आने वालों को विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त क्षतिग्रस्त अंश की वजह से सकरी चौक से मधुबनी की ओर मुड़ने से पूर्व लोगों के वाहन क्षतिग्रस्त हो जाया करते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि उक्त क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मती से जुड़ा निर्माण कार्य वह कब तक करा लेगी और नहीं तो क्यों?

----

## कार्यरूप लाने पर

*3 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर के अधीन स्थापित/संचालित डॉ. कलाम कृषि महाविद्यालय अर्राबाड़ी किशनगंज के प्रागंण में स्थापना-काल से ही वहां के शिक्षकों/वैज्ञानिकों एवं कर्मियों के लिए स्वास्थ्य केन्द्र और उनके बच्चों के लिए भव्य भवन का भी निर्माण किया गया है जो अभी तक कार्यरूप में नहीं आया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस महत्वपूर्ण संस्था में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग से स्वास्थ्य केन्द्र तथा विद्यालय को कार्यरूप में लाने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## मछली में आत्मनिर्भरता

*4 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में मछली की सलाना खपत 8.25 लाख टन के विरुद्ध उत्पादन 7.61 लाख टन हैं;

(ख) क्या यह सही है कि अभी भी सलाना 8 सौ करोड़ रुपए से अधिक की मछलियां दूसरे राज्यों से मंगाई जाती हैं;

(ग) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन की क्षमता से मछली उत्पादन करने वाली इकाई का अधिष्ठापन विभिन्न जिलों में किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक मछली उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भरता के साथ निर्यात कर सकेगा?

----

## योजना को लागू करना

*5 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य में कृषि की आमदनी पर राज्य में लगभग आधी आबादी निर्भर करती है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए किसानों की आमदनी को दोगुनी करने की आवश्यकता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ने राज्य के किसानों की आमदनी दोगुनी करने हेतु कई योजना बनाई, यदि हां तो सरकार इस योजना को कबतक लागू करना चाहती है?

----

## सर्विस रोड की मरम्मती

*6 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा जीरो माईल डी.के. कारमेल विद्यालय के पास एन.एच.- 30 पर ओवर ब्रिज बना हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ओवर ब्रिज के उत्तर तरफ स्थित सर्विस रोड क्षतिग्रस्त हो जाने के चलते आवागमन में कठनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सर्विस रोड की शीघ्र मरम्मती का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

*7 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला कुर्था प्रखंड के मानिकपुर से सेनारी पथ जिसकी लम्बाई लगभग 11 किमी. है, का संविदा और कार्य का प्रारंभ 2020 में किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पर डेढ़ वर्षों से बोल्डर बिछा कर छोड़ दिया गया है और इसका निर्माण वारिस तीया कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पथ पर बड़े-बड़े बोल्डर बिछे होने के कारण आस-पास के गांव के लोगों के आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ के निर्माण में विलम्ब करने वाले संवेदक एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए कबतक निर्माण कराएगी, नहीं तो क्यों?

----

## दोषी पर कार्रवाई

*8 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा तत्कालीन इंदिरा आवास योजना के तहत कुल कुलाकर 5.51 लाख आवासों का निर्माण अधूरा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सडक का जीर्णोद्धार

*9 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 27 से इब्राहिम मेमोरियल हाई स्कूल, सासामूसा, इसुआपुर, दरदा विशुनपुर होते सिपाया फॉर्म तक जाने वाली सड़क अत्यंत जीर्ण-शीर्ण है और इस पर चलना मुश्किल है;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं;

(ग) क्या यह सही है कि सिपाया फार्म (गोपालगंज) में इंजीनियरिंग कॉलेज/मेडिकल कॉलेज जैसी संस्थाएं बन रही हैं, जिसके लिए सड़क होना आवश्यक है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस सड़क का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है?

----

## पुल बनाने पर विचार

*10 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक)**:

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुंबई में समुद्र की अतल गहराइयों में मरीन ड्राइव की तर्ज पर सड़क का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि लखीसराय में हसनपुर गांव से रेहुआ नाला तक क्यूल नदी पर सड़क पुल का निर्माण करवा कर यातायात की समस्या को दूर किया जा सकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखीसराय क्यूल नदी में मरीन ड्राइव की तर्ज पर सड़क पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## दिशा निर्देश

*11 **श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार )**:

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पंचायती राज व्यवस्था को विभिन्न विभागीय संकल्प के तहत कार्य और उत्तरदायित्व की शक्ति प्रतिनिधायन किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त संकल्प के क्रियान्वयन में प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अपने विभिन्न विभागीय संकल्प क्रियान्वयन की दिशा में क्या कार्रवाई करना चाहती है एवं इनकी अवहेलना करने वाले पदाधिकारियों को ऐसा करने से रोकने के लिए क्या दिशा निर्देश देना चाहती है?

----

## उर्वरक का क्रय-विक्रय

*12 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखंड के सकरी में उर्वरक हेतु रैक बिंदु नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि सकरी में रैक बिंदु नहीं होने के कारण उर्वरक विक्रेताओं को अत्यंत कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि सकरी में उर्वरक की अवश्यकता एवं उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सकरी में रैक बिंदु की नितांत आवश्यकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के सकरी में उर्वरक के क्रय-विक्रय हेतु रैक बिंदु की स्थापना करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वेतन भुगतान

*13 **श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पंचायत प्रतिनिधियों का वर्तमान में वेतन भुगतान लंबित है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पंचायत प्रतिनिधियों के वेतन भुगतान हेतु क्या कार्रवाई करना चाहती है?

----

## पथ का निर्माण

*14 **श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पथ निर्माण विभाग अन्तर्गत भागलपुर-कहलगांव एन.एच.-80 है;

(ख) क्या यह सही है कि भागलपुर से कहलगांव पथ की हालत काफी खराब है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ को कबतक बनाएगी, नहीं तो क्यों?

----

## शौचालय का निर्माण

*15 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू हो जाने के फलस्वरूप पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेवारी तथा उनका कार्यक्षेत्र काफी विस्तृत हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीण जनता को अपनी विभिन्न जरूरतों एवं समस्याओं के निदान हेतु प्रखण्ड कार्यालय जाना पड़ता है परंतु वहां पंचायत प्रतिनिधियों के लिए कोई स्थान निर्धारित नहीं होने के चलते उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायत प्रतिनिधियों के व्यवहारार्थ प्रखंड कार्यालय के निकट एक कार्यालय, सभा कक्ष तथा पुरुष एवं महिला शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*16 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखण्ड के बड़वान गांव से पुनपुन नदी गुजरती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नदी में पुल नहीं होने के कारण दर्जनों गांवों के

आमजनों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी में जनहित में पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सडक का निर्माण

*17 **श्री अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
कृया मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के सोनपुरा पंचायत को राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 107 से जोड़ने वाली नहर पथ की लम्बाई लगभग 3.5 किलोमीटर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नहर पर खोजूचक से दुर्गास्थान सोनपुरा के बीच लगभग 1 किमी. पक्की सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग से हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त नहर पर शेष बचे 2.5 किमी. सड़क के निर्माण से एक बड़ी आबादी राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 107 से सीधी जुड़ जाएगी;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## निजी भूमि पर जल-नल

*18 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
कृया मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के हजारों वार्ड सदस्यों ने नल-जल योजना के अन्तर्गत अपनी जमीन पर बोरिंग का स्थापन इस उद्देश्य से कराया कि उन्हें अनुरक्षण का कार्य हमेशा प्राप्त होता रहेगा;

(ख) क्या यह सही है कि पंचायत चुनाव के पश्चात जो वार्ड सदस्य पराजित हो गये उनकी भूमि में स्थापित नल-जल के संचालन से उन्हें हटाकर वर्तमान वार्ड सदस्य को संचालन का अधिकार दिया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निजी भूमि में नल जल योजना के संचालन हेतु भूमिदाता किसान को अनुरक्षण का कार्य सौंपने

का विचार रखती है, यदि हां तो कैसे, नहीं तो क्यों?

----

## ससमय मानदेय

*19 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड के पंचायत राज नरहरिपुर के मुखिया तथा वार्ड सदस्यों का मानदेय पिछले ढाई वर्षों से नहीं मिला है;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय तथा खगड़िया जिला में दर्जनों पंचायत ऐसे हैं जिनमें त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय काफी दिनों से लंबित रखा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को उनका मानदेय ससमय देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नाला की उडाही

*20 **श्रीमती रोजीना नाजिश (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिला के भगवानपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्रतापटाण्ड पश्चिमी पंचायत के महादेव पोखर चौक से कैलाश तिवारी के दरवाजे होते हुए विलास भगत के घर तक लगभग दो सौ वर्ष पुराने नाले की उड़ाही नहीं होने से पानी का बहाव बंद है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वैशाली जिला के भगवानपुर प्रखंड अन्तर्गत प्रतापटाण्ड पश्चिमी पंचायत के महादेव पोखर चौक से कैलाश तिवारी के दरवाजे होते हुए विलास भगत के घर तक लगभग दो सौ वर्ष पुराने नाले की उड़ाही कराना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## सडक निर्माण

*21 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के द्वारा सड़कों में अच्छा काम हुआ है और इसकी स्थिति में विगत वर्षों में बहुत सुधार हुआ है लेकिन बड़ी संख्या में सड़क परियोजनाएं अपने निर्धारित समय सीमा में पूरी नहीं हो पा रही हैं और वे लंबित हैं। इससे सड़कों की लागत भी बढ़ती है और सामान्यजनों की असुविधा भी;

(ख) क्या यह सही है कि ऐसी लंबित परियोजनाओं को चिन्हित करने के लिए और उनके समयबद्ध कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार के पास क्या मेकेनिजम है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि इन लंबित सड़क निर्माण की परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है?

----

## सडक का निर्माण

*22 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर शहर के बीचों-बीच होकर एन.एच.- 104 एवं एस.एच.- 54 दोनों सड़के गुजरती हैं, शहर में बाईपास सड़क नहीं रहने के कारण गाड़ियों का जाम घंटों-घंटा लगा रहता है जिसके कारण आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि शिवहर शहर में सड़क जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु 50 (पचास) करोड़ की लागत से दो बाईपास सड़क निर्माण का प्रस्ताव विभाग के मुख्य अभियंता के पास करीब छः माह से लंबित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिवहर में दोनों बाईपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पथ का निर्माण

*23 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि किशनगंज जिला मुख्यालय से ठाकुरगंज जाने वाले राज्य उच्च पथ में अर्राबाड़ी चौक से डॉ. कलाम कृषि महाविद्यालय अर्राबाड़ी के प्रवेश-द्वार तक लगभग एक किलोमीटर की ग्रामीण सड़क का निर्माण नहीं होने से वहां के ग्रामीणों के साथ-साथ महाविद्यालय आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लोकहित में उस ग्रामीण पथ का निर्माण यथाशीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक,

----

## सडक का निर्माण

***24 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कार्य प्रमंडल, बेनीपट्टी के द्वारा बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018 अन्तर्गत कुल 16 अदद पथों का प्राक्कलन तकनीकी अनुमोदन हेतु पत्रांक 866 अनु०/बेनीपट्टी दिनांक 02.05.2022 को अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल दरभंगा को समर्पित किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि लगभग दो महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल दरभंगा द्वारा तकनीकी अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके कारण इन सड़कों का निर्माण शुरू नहीं हो सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन 16 अदद सड़कों की तकनीकी स्वीकृति कबतक दिलाना चाहती है जिससे इन सड़कों का निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ किया जा सके ?

----

## वार्ड समितियों का गठन

***25 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विभाग द्वारा जिलों को बार-बार रिमाइंडर दिये जाने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों की 30 हजार ग्राम पंचायतों में वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति का गठन नहीं हो सका है;

(ख) क्या यह सही है कि जिन वार्डों में समिति गठित हो गई है, वहां भी पूर्व की समिति

द्वारा उन्हें लेखा-जोखा का हस्तांतरण नहीं किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि खंड 'क' एवं 'ख' में वर्णित कारणों से वार्ड स्तर की जनुपयोगी योजनाओं का संचालन एवं रख रखाव नहीं हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समय सीमा के भीतर वार्ड समितियों का गठन कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल का निर्माण

*26 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के प्रखंड-सोनभद्र वंशी, पंचायत चमंडी, गांव कुतुपुर में सेनानी नदी है;

(ख) क्या यह सही है कि सेनानी नदी में दोनों ओर अत्यंत ही घनी आबादी रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि इस नदी पर पुल नहीं रहने के कारण नदी के दोनों ओर की आबादी को आवागमन में अत्यंत ही कठिनाई उठानी पड़ती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड सोनभद्र वंशी, पंचायत चमंडी, ग्राम कुतुपुर में सेनानी नदी पर पुल निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई क्यों नहीं

*27 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सुल्तानगंज, भागलपुर में निर्माणाधीन गंगा नदी पर बना पुल टूट कर गिर गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना में निर्मित महात्मा गांधी सेतु, सुपर स्ट्रक्चर के पाया नंबर- 28 का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है;

(ग) क्या यह सही है कि करोड़ों रुपए खर्च से निर्मित पुल का टूट जाना, क्षतिग्रस्त हो जाना भ्रष्टाचार और लापरवाही का नतीजा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताएगी कि इस संबंध में कौन सी कार्रवाई कर रही है और नहीं तो क्यों?

----

## बाईपास का निर्माण

***28 श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत मीरगंज भागीपट्टी समआउर पथ जो उत्तर प्रदेश के फजिलनगर में एन.एच. 27 को जोड़ती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ के बीच में लाइन बाजार और बथुआ बाजार में पूरे दिन भीषण जाम लगता है;

(ग) क्या यह सही है कि लाइन बाजार और बथुआ बाजार में बाईपास की आवश्यकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्जित जाम का निदान करते हुए बाईपास का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## योजनाओं को पूरा

***29 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत आदापुर प्रखण्ड में वित्तीय वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 में पंचायत समिति द्वारा योजना संख्या 01/2020-21, 03/20-21, 05/20-21, 06/20-21, 02/2021-22, 05/21-22 06/21-22, 103/21-22 तथा 09/21-22 का चयन किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि इन योजनाओं को पूरा करने हेतु 90 प्रतिशत अग्रिम राशि का भुगतान मेसर्स जानकी इंटरप्राइजेज को कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा कर दिया गया, लेकिन अभी तक इन योजनाओं पर कार्य शुरू भी नहीं हो पाया है तथा सरकारी राशि का गबन कर लिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी

व्यक्तियों पर कार्रवाई करने तथा सरकारी राशि की वसूली कर इन योजनाओं को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## दंडात्मक कार्रवाई

*30 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत बड़हिया प्रखंड अन्तर्गत एन.एच.- 80 गंगासराय मोड़ से गिर्धरपुर मोड़ तक सड़क निर्माण कार्य, एन.एच.- 80 से जैतपुर से खुटहा तक सड़क निर्माण कार्य, एन.एच.- 80 दरियापुर से खुटहा डीह तक सड़क निर्माण कार्य, शेखपुरा-बड़हिया पथ निर्माण विभाग सड़क से कोठवां महरामचक तक सड़क निर्माण तथा अलिबाली से लाल दियारा होते हुए खुटहा तक ग्रामीण सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना अन्तर्गत कराया गया है जो अत्यंत ही जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि लखीसराय जिले के बड़हिया प्रखंड में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित पथ में संवेदकों द्वारा घटिया मेटेरियल का इस्तेमाल संवेदकों एवं इंजीनियरों की मिलीभगत से किये जाने के कारण समय-अवधि के अंदर ही सभी सड़कें जर्जर हो गयी हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखीसराय जिला के वर्णित ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क को जांच कराकर दोषी संवेदकों एवं विभागीय पदाधिकारियों पर दण्डात्मक कार्रवाई कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

*31 **श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखण्ड के संकोर्थ से डेभारी जानेवाली मुख्य सड़क पर बाड़ाघाट पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि पुल क्षतिग्रस्त होने की वजह से इस मुख्य सड़क पर आवागमन पूर्णतः बाधित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखंड के संकोर्थ से डेभारी जानेवाली मुख्य सड़क पर बाड़ाघाट पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राशि की निकासी

***32 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पंचायत चुनाव आठ-नौ महीने बीतने के बावजूद पंचायत से लेकर जिला परिषद् स्तर तक विभिन्न स्वीकृत योजनाओं के मद में राशि की निकासी नहीं हो रही है, जिससे विकास कार्य ठप है;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला सहित पूरे राज्य में स्थानान्तरित पंचायत सचिव नवपदस्थापित पंचायत सचिवों को प्रभार नहीं दे रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक संबंधित निर्वाचित प्रतिनिधियों को राशि निकासी की सुविधा प्रदान करना चाहेगी, जिससे विकास कार्यों में गति आ सके ?

----

## सडक का निर्माण

***33 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कार्य प्रमंडल आरा अंतर्गत पियनिया से खलीसा तक सड़क अत्यंत जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क खराब होने से ग्रामीण जनता को आवागमन में परेशानी हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## योजना का लाभ

***34 श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य चलाया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जिला के सभी प्रखंड में लाभार्थी की सूची में अनुसूचित जाति की जगह सामान्य वर्ग एवं सामान्य वर्ग की जगह अनुसूचित जाति में नामित कर लाभार्थियों की सूची बनाई गई है अथवा लाभ दिया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जिला के सभी प्रखण्ड में सही-सही जाति की सूची बनाकर उक्त आवास योजना का लाभ जनहित में गरीबों के बीच पहुंचाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई करने

*35 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा)ः**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हिलसा के अन्तर्गत प्रखंड-एकंगरसराय के मण्डाछ पंचायत में ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हिलसा के निविदा सं.-06/2020-21 के क्रमांक- 13 पर अंकित जहानाबाद-पभेड़ी पथ से ग्राम-घाना बिगहा पथ पईन भरकर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्णित पथ आहर पईन भरकर रोड बनाने हेतु अंचलाधिकारी, एकंगरसराय के द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, हिलसा के निविदा सं.- 06/2020-21 के क्रमांक- 13 पर अंकित पथ को पईन में रोड बनाने एवं सरकारी राशि के दुरुपयोग पर रोक लगाते हुए दोषी अंचलाधिकारी, एकंगरसराय/ संवेदक एवं सबंधित अभियंताओं पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----